--प्रेस नोट--

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 27.11.2024

➢ **थाना फुगाना पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ हाईवे होटल/ढाबों पर खडे वाहनों से डीजल चोरी करने वाले 05 चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 27.11.2024 को थाना फुगाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री राकेश कुमार मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ दिल्ली-देहरादून हाईवे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास से 05 शातिर चोर अभियुक्तगण 1. नईम पुत्र मेहराज निवासी सिवालखास थाना जानी, मेरठ 2. शाहनवाज पुत्र युसुफ निवासी पिपलैड़ा थाना धौलाना, हापुड़ 3. जाफर पुत्र बजरूद्दीन निवासी ग्राम हर्रा थाना सरूरपुर, मेरठ 4. अनवार पुत्र शहीद निवासी ग्राम हर्रा थाना सरूरपुर, मेरठ 5. फैज पुत्र फुरकान निवासी ग्राम टोडरपुर थाना सिम्भावली, हापुड़ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 03 तमंचे मय 05 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 अवैध चाकू, 01 आयशर कैन्टर एचआर 58सी 8257, 01 स्कॉर्पियो कार (बिना नंबर प्लेट), 12000/- रुपये नगद, 195 लीटर डीजल व डीजल चोरी करने के उपकरण आदि बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना फुगाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 77/2024 धारा 109/310(5)/313/317(5)/318(4)/336(2) बीएनएस व 3/4/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 27.11.2024 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह मय हमराहीगहण द्वारा वाद सं0- 189/2024 धारा 191(2)/121(2)/132/115(2) बीएनएस में 03 वारण्टी अभियुक्तगण 1. नितिन उर्फ निक्की पुत्र सुनील निवासी ग्राम सोरम थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर 2. गौरव पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम सोरम थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर 3. अक्षय पुत्र मनोज निवासी ग्राम सोरम थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर। को अभियुक्तगण के मसकन से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की

गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **<u>थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 27.11.2024 को थाना नई मण्डी पर नियुक्त उ0नि0 श्री संजय सिंह मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0- 2738/9/13 धारा 379/411 भादवि में वारण्टी अभियुक्त किशन पुत्र रूला बाल्मिकी निवासी 589/200 भरतिया कालोनी थाना नई मंण्डी मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।